| |
|---|
| ऑनलाइन साक्षात्कार पत्र के निर्देशों का अत्यंत सावधानीपूर्वक अध्ययन कर व उन्हें भली-भांति समझने के पश्चात आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध समस्त प्रपत्रों का प्रिंट निकालकर आवश्यक जानकारियों की प्रविष्टि कर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करें। |

| |
|---|
| प्रावधिक-पत्र विज्ञापन की शर्तों के अधीन |


# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

शंकर नगर मार्ग, रायपुर -492001

फोन नं. -0771-2439562, 2446556 (फैक्स), वेबसाइट-www.psc.cg.gov.in


क्रमांक 1652 /01/चयन/2020 दिनांक 17 JUL 2020

## साक्षात्कार-पत्र

## सहायक प्राध्यापक-मनोविज्ञान (उच्च शिक्षा विभाग)

महोदय/महोदया,

**सहायक प्राध्यापक-मनोविज्ञान (उच्च शिक्षा विभाग)** के साक्षात्कार हेतु तिथि एवं समय आवेदन क्रमांकवार आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध है। साक्षात्कार हेतु मूल दस्तावेजों के साथ आपको आयोग कार्यालय में प्रातः 9:00 बजे अनिवार्य रूप से उपस्थित होना होगा।

| साक्षात्कार की तिथि | आयोग कार्यालय में उपस्थित होने का समय | साक्षात्कार का समय |
|---|---|---|
| 05.08.2020 | प्रातः 9:00 बजे | प्रथम पाली दोपहर 12:00 बजे से |

2. साक्षात्कार के लिए उपरोक्तानुसार निर्धारित तिथि/समय में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा। निर्धारित तिथि एवं समय में अनुपस्थित होने पर अभ्यर्थियों को साक्षात्कार में सम्मिलित नहीं किया जायेगा। नीचे लिखे निर्देशों का भली भांति अध्ययन कर लें एवं आवश्यक मूल दस्तावेजों के साथ निर्धारित तिथि एवं समय पर आयोग कार्यालय में उपस्थिति देवें।

2.1 सफलतापूर्वक ऑनलॉइन साक्षात्कार बुलावा पत्र एवं संलग्न चार दस्तावेज (1) जानकारी पत्रक (01 प्रति में), (2) अनुप्रमाणन-पत्र (03 प्रति में) **(तीनों प्रतियों को राजपत्रित अधिकारी से सत्यापित कराना अनिवार्य है।)** (3) उपस्थिति पत्रक (01 प्रति में) तथा (4) व्यक्तिगत विवरण (06 प्रतियों में) डाऊनलोड कर आवश्यक प्रविष्टियां कर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना अनिवार्य है। अनुप्रमाणन पत्र एवं जानकारी पत्रक महत्वपूर्ण दस्तावेज है तथा इसमें त्रुटिपूर्ण/गलत जानकारी दिये जाने पर आपकी उम्मीदवारी निरस्त की जा सकती है।

2.2 अनुप्रमाणन पत्रक के पहचान प्रमाण पत्र कॉलम में किसी राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन (तीनों प्रतियों में) कराया जाना अनिवार्य है। **(अनुप्रमाणन पत्रक की छायाप्रति स्वीकार नहीं किया जायेगा)** अतः राजपत्रित अधिकारी से सत्यापन कराकर ही अनुप्रमाणन पत्रक की हार्डकॉपी तीन मूल प्रतियों में प्रस्तुत करना होगा।

2.3 आपके द्वारा **सहायक प्राध्यापक-मनोविज्ञान (उच्च शिक्षा विभाग)** के लिए ऑनलाईन भरे गये आवेदन पत्र की हॉर्ड कॉपी (प्रिंटआऊट) की प्रति के साथ-साथ पहचान-पत्र जैसे मतदाता पहचान पत्र, ड्राईविंग लाईसेंस, आधार कार्ड या पेन कार्ड इनमें से कोई भी एक पहचान पत्र की मूल प्रति एवं दो-दो छायाप्रति प्रस्तुत करना अनिवार्य है।

3. **यदि आप उपरोक्तानुसार जानकारी (जो लागू होता है) के साथ दिनांक 05.08.2020 को प्रातः 9:00 बजे आयोग कार्यालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आपको साक्षात्कार से वंचित किया जा सकेगा तथा आप उक्त पद हेतु वास्तव में सभी आवश्यक शर्तों की पूर्ति करते हैं अथवा नहीं, के निर्धारण करने का अधिकार आयोग का होगा एवं इस संबंध में आयोग का निर्णय अंतिम एवं बंधनकारी होगा।**

4. साक्षात्कार के लिए यात्रा व्यय स्वयं अभ्यर्थी के द्वारा वहन की जाएगी, परन्तु छत्तीसगढ़ के अनुसूचित जाति/जनजाति/अन्य पिछड़ा वर्ग (गैर क्रीमीलेयर) के केवल बेरोजगार **अभ्यर्थियों को उनके द्वारा बस/रेल टिकट प्रस्तुत किये जाने पर साधारण दर्जे का वास्तविक किराया राशि की पात्रता होगी।**

5. यह स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार में अनुपस्थित रहने वाले आवेदकों को चयन के लिये अनर्ह माना जायेगा।

17.7.2020

**परीक्षा नियंत्रक**
छ.ग. लोक सेवा आयोग
रायपुर

# छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर

## साक्षात्कार समय–सारिणी

## सहायक प्राध्यापक (उच्च शिक्षा विभाग)–2019

## Assistant Professor (Psychology)

| साक्षात्कार दिनांक | दिन | प्रथम पाली<br>(सुबह 9:00 बजे से) |
|---|---|---|
| 05-08-2020 | बुधवार | APH190304004455 |
| | | APH190304004794 |
| | | APH190304005123 |
| | | APH190304005853 |
| | | APH190306008861 |
| | | APH190306009452 |
| | | APH190313015186 |
| | | APH190315015945 |
| | | APH190323018313 |
| | | APH190327019416 |
| | | APH190328019939 |
| | | APH190401021044 |
| | | APH061219101182 |

टीप :-- आयोग द्वारा साक्षात्कार बुलावा पत्र डाक के माध्यम से नहीं भेजे जाएंगे। अभ्यर्थी साक्षात्कार बुलावा पत्र एवं संलग्न दस्तावेज आयोग की वेबसाईट से डाउनलोड कर प्राप्त कर सकते है।

17-7-2020

परीक्षा नियंत्रक
छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग,
रायपुर